RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 35 • 17:02:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

## परिवार के मोह में फंसी कांग्रेस का है बुरा हाल

### रेवाड़ी में मोदी ने कहा-अपने इतिहास के सबसे दयनीय दौर में गुजर रही कांग्रेस

### कहा-370 हटाने वालों को इस बार 370 देगी जनता मोदी पूरी कर रहा हर गारंटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के रेवाड़ी में एम्स अस्पताल का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग कभी राम मंदिर बनने का विरोध करते थे, वे अब जय सियाराम कह रहे हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के फैसले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अब तो देश की जनता भी कह रही है कि 370 हटाने वालों को हम 370 सीटें देकर लाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि यह मेरी गारंटी थी कि 370 हटाऊंगा और वह होकर रहा। इस दौरान उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन लागू करने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वन रैंक वन पेंशन से सबसे ज्यादा फायदा हरियाणा के लोगों को ही मिला है। पीएम मोदी ने कहा कि वन रैंक वेन पेंशन से इतनी रकम पूर्व सैनिकों को मिली है, जितना कांग्रेस की सरकार में डिफेंस पर कुल खर्च का बजट ही होता था। अब यदि कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड देखेंगे तो यह है कि देश की आधी से ज्यादा आबादी को छोटी-छोटी चीजों से दूर रखा गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज स्थिति यह है कि कांग्रेस के पास तो अपने कार्यकर्ता भी नहीं बचे हैं। इनकी जहां सरकारें हैं, वहां उन्हें भी संभालना मुश्किल है।



## अब हिमालय से हिन्द महासागर तक दुश्मनों को भेदने का प्लान

- एमओडी ने 15 टोही विमान खरीद मामले को दी हरी झंडी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 9 समुद्री निगरानी विमान और भारतीय तटरक्षक बल के लिए 6 समुद्री गश्ती विमान खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे तटीय और समुद्री इलाके में भारतीय सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिल सकेगी। समाचार एजेंसी एएनआई ने मामले से जुड़े एक सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी है। इस निगरानी तंत्र के शामिल होने से भारतीय सुरक्षा बल हिमालय से लेकर हिन्द महासागर तक बड़ी कुशलता से निगरानी कर सकेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्तावित अधिग्रहण में 15 समुद्री गश्ती विमानों का निर्माण भी शामिल है,जो देश के अंदर ही निर्मित जे-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट पर आधारित होगा। सूत्रों ने बताया कि सरकार का यह कदम मेक इन इंडिया अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करना और रक्षा उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाना है।



## अयोध्या में पहली बार रामलला ने दोपहर के समय किया आराम

- अब दोपहर 12 से 1 बजे तक बंद रहेंगे दर्शन, आरती में सिर्फ 100 लोग होंगे शामिल

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुक्रवार 16 फरवरी को पहली बार रामलला ने दोपहर में एक घंटे विश्राम किया। शुक्रवार से हर रोज दोपहर 12 से 1 बजे तक मंदिर बंद रहेगा। अब 12 बजे भोग और आरती के बाद रामलला एक घंटा विश्राम करेंगे। दरअसल, 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर दोपहर में सिर्फ 15 मिनट के लिए बंद किया जाता था। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया, अब भक्त सुबह 6 बजकर 30 मिनट से दोपहर 12 बजे तक और फिर दोपहर 1 बजे से रात 9 बजकर 30 मिनट तक रामलला के दर्शन कर सकेंगे। इसके अलावा तीन टाइम होने वाली आरती में सिर्फ 100 श्रद्धालु ही शामिल हो सकेंगे। इसके लिए ऑनलाइन-ऑफलाइन पास की व्यवस्था शुरू की गई है। डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि रामलला की मंगला आरती सुबह 4 बजे, श्रृंगार आरती सुबह 6.15 बजे और शयन आरती रात 10 बजे होती है। हर आरती के लिए भक्तों को 100-100 पास जारी करना शुरू किया है।पास ऑनलाइन और ऑफलाइन जारी किए जा रहे हैं। ऑफलाइन 80 और ऑनलाइन 20 पास जारी किए जाएंगे।



## एक सेल्फी की वजह से फिर जल उठा मणिपुर

- सुरक्षाबलों से फिर भिड़े उपद्रवी, दो लोगों की मौत

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क गई। सुरक्षाबलों के साथ झड़प में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा घायल हो गए। चिराचांदपुर जिले में उपद्रवियों ने एसपी ऑफिस पर हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस को भी कार्रवाई करनी पड़ी। जानकारी के मुताबिक लगभग 400 प्रदर्शनकारियों ने एसपी कार्यालय को घेर लिया था। वे सभी एक हेड कॉन्स्टेबल सियामलालपॉल की बहाली की मांग कर रहे थे। बता दें कि यह पूरा मामला एक सेल्फी से जुड़ा हुआ था। 14 फरवरी को हेड कॉन्स्टेबल का एक सेल्फी वीडियो सामने आया था जिसमें वह हथियारबंद लोगों के साथ दिखाई दे रहा था। ये कुकी उग्रवादी थे। इसके बाद एसपी ने कार्रवाई करते हुए हेडकॉन्स्टेबल को निलंबित कर दिया। इसके बाद 15 फरवरी को देर रात करीब 400 की भीड़ ने एसपी कार्यालय को घेर लिया। उपद्रवियों ने कार्यालय पर पथराव किया और आगजनी भी की। प्रदर्शनकारियों के नियंत्रित करने के लिए रैपिट ऐक्शन फोर्स ने आंसू गैस के गोल दागे। गोली भी चली। इसमें कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। बताया गया कि दोनें ही मृतक एसपी ऑफिस पर हमले में शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने एसपी कार्यालय के सामने कई वाहनों को आग लगा दी। बता दें कि हेड कॉन्स्टेबल को निलंबित करते हुए पुलिस ने कहा था, अनुशासित पुलिस बल का सदस्य होने के नाते हेड कॉन्स्टेबल पर गंभीर कदाचार के आरोप हैं। पुलिस सियामलालपॉल के खिलाफ विभागीय जांच का विचार कर रही है। बता दें कि मणिपुर में कई जगह उपद्रवियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग हुई।



## प्रियंका बीमार, न्याय यात्रा में शामिल नहीं होंगी

### बिहार में तेजस्वी ने राहुल को बैठाकर चलाई जीप, नीतिश को बताया थका हुआ मुख्यमंत्री

**सासाराम (रोहतास)/कैमूर (एजेंसी)।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दूसरी बार बिहार आई है। यात्रा दूसरे दिन शुक्रवार को सासाराम होते हुए कैमूर जिले में पहुंची। सासाराम में यात्रा शुरू हुई तो रेड कलर की जीप में राहुल-तेजस्वी साथ दिखे। जीप तेजस्वी ने ड्राइव की और राहुल गांधी उनके बगल में बैठे। पीछे कांग्रेस नेता मीरा कुमार भी थीं। जमुहार से सासाराम शहर के पहले जैन कॉलेज तक करीब 4 किमी तेजस्वी यादव ने गाड़ी चलाई। नीतिश कुमार के इंडिया गठबंधन से बाहर होने के बाद ये पहला मौका है, जब राहुल गांधी और तेजस्वी की मुलाकात हुई है।

दोनों नेता टेकारी में किसान न्याय महापंचायत में शामिल हुए। जहां तेजस्वी ने सीएम नीतिश को थका हुआ मुख्यमंत्री बताया। साथ ही कहा कि पीएम मोदी को झूठ बोलने की फैक्ट्री हैं। कैमूर की सभा में राहुल गांधी ने कहा कि हमने चार हजार किलोमीटर की यात्रा की। चैनलों पर सिर्फ मोदी जी दिखते हैं। बगल में चारों खान, ऐश्वर्या राय और अमिताभ बच्चन दिख जाएंगे। कभी-कभी नीतिश जी दिख जाएंगे, लेकिन हम नहीं दिखेंगे।

इसी वजह से पैदल यात्रा की। ये देश नफरत का नहीं है, यह मोहब्बत-भाई चारे का देश है। राहुल की सभा में आर्मी की भर्ती को लेकर बात उठी, तो उन्होंने कहा कि सेना में भर्ती नहीं हो रही है। देश में दो शहीद बना दिया। एक अग्निवीर, जिसको कोई सम्मान नहीं मिलेगा। दूसरा- एक रेगुलर आर्मी वाला।



## कांग्रेस को मिली राहत फ्रीज खातों से हट गई रोक

- पार्टी ने कहा था-ना बिजली बिल भर पा रहे, ना कर्मचारियों को सैलरी दे पा रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे कांग्रेस के फ्रीज खातों पर लगी रोक हटा दी है। एक घंटे पहले कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि इनकम टैक्स ने यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है। माकन ने कहा- हमें गुरुवार को जानकारी मिली कि बैंकों ने पार्टी के द्वारा जारी किए गए चेक रोक दिए हैं। वे हमारे चेक क्लियर नहीं कर रहे। कांग्रेस पार्टी के खाते भी फ्रीज कर दिए गए हैं। इसके अलावा क्राउड फंडिंग वाले अकाउंट को भी फ्रीज कर दिया गया है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा- अभी हमारे पास बिजली का बिल भरने के लिए और अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं।



## संदेशखाली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में नॉर्थ 24 परगना जिला स्थित संदेशखाली यौन उत्पीड़न मामले को लेकर बवाल जारी है। शुक्रवार 16 फरवरी को भाजपा डेलिगेशन ने संदेशखाली जाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। उनके वापस लौटने के बाद कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी वहां पहुंचे। हालांकि, पुलिस ने उन्हें भी संदेशखाली जाने से रोका। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई। इसके बाद अधीर रंजन रामपुर में धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा– हम जानना चाहते हैं कि संदेशखाली की असली घटना क्या है। वास्तव में वहां क्या हुआ कि लोगों को वहां जाने से रोका जा रहा है। कांग्रेस सांसद ने कहा– संदेशखाली मामले को हिंदू–मुस्लिम सांप्रदायिक घटना के रूप में दिखाने की कोशिश हो रही है।

**झारखंड की सियासत**

## सरकार के सामने नया संकट अब कांग्रेस में पड़ गई फूट!

- 12 विधायक चल रहे नाराज, मुश्किल में फंसी चंपाई सरकार

रांची (एजेंसी)। कांग्रेस के सहयोग से झारखंड में चल रही चंपाई सोरेन सरकार के सामने नई मुश्किल खड़ी हो गई है। झारखंड कांग्रेस में मंत्री पद को लेकर फूट पड़ती दिख रही है। कांग्रेस के दर्जनभर विधायक अपनी ही पार्टी के पुराने मंत्रियों को हटाकर नए चेहरों को मौका दिए जाने की मांग कर रहे हैं। इरफान अंसारी, अंबा प्रसाद, विक्सल कोंगड़ी, दीपिका पांडे सिंह समेत ज्यादातर विधायक इस गुट का हिस्सा हैं। इस विरोधी खेमे ने शपथ ले चुके आलमगीर आलम और अन्य तीन संभावित मंत्रियों (जो हेमंत सोरेन सरकार में भी मंत्री थे) को हटाने की मांग की है। देर रात कांग्रेस के विधायकों के दिल्ली जाने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि विरोधी कांग्रेस विधायक शपथ ग्रहण समारोह का भी बहिष्कार कर सकते हैं।



## रोंगटे खड़े कर देगी संदेशखाली में पीड़ित महिलाओं की दास्तां

### शेख शाहजहां के जुल्म के सामने बड़े विलेन भी हो गए बौने

### शेख के इशारे पर पश्चिम बंगाल पुलिस भी करती रही परेशान

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल का गांव संदेशखाली में एंट्री आसान नहीं है। मीडिया, राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता किसी को संदेशखाली में घुसने की इजाजत नहीं है। बांग्लादेश सीमा पर सटे इस गांव में धारा-144 लगी है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। इस गांव में शाहजहां शेख, उसके दो चेलों उत्तम सरदार और शिबू हाजरा के आतंक फिल्मों के विलेन जैसा है। तृणमूल कांग्रेस के इन नेताओं पर जबरन जमीन पर कब्जा करने, बिना पैसे की मजदूरी कराने, मेहनताना मांगने पर पिटाई और महिलाओं से रेप जैसे आरोप हैं। दहशत इस कदर है कि शाम ढलने के बाद गांव की महिलाएं अपने घर से नहीं निकलती हैं। आरोप है कि ये सभी महिलाओं को पार्टी की मीटिंग के नाम पर रात 12 बजे अपने ऑफिस में बुलाते थे। जब महिला आयोग की टीम संदेशखाली पहुंची तो महिलाएं अपनी व्यथा सुनाकर रोने लगीं। जब गवर्नर सीवी आनंद बोस संदेशखाली पहुंचे थे, तब भी शाहजहां शेख का काला सच सामने आया। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना ज़िले में संदेशखाली में जब महिलाओं पर जुल्म के मामले ने तूल पकड़ा तो पुलिस ने आनन-फानन में उत्ता सरदार को गिरफ्तार कर लिया।



## सांसदी गंवा चुकीं महुआ की मुश्किलें और बढ़ीं

- ईडी ने फिर से भेजा समन, पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पैसे के बदले सवाल पूछने के मामले में सांसदी गंवा चुकीं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महुआ को 19 फरवरी को एजेंसी के सामने पेश होने के लिए समन जारी किया है। ईडी ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में महुआ को पूछताछ के लिए बुलाया है। पिछले साल बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा पर महंगे गिफ्ट्स और पैसे लेने के बदले में कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर अडानी समूह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने के लिए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। महुआ पर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगा था। इसके बाद यह मामला एथिक्स कमेटी में भेज दिया गया था, जहां पर महुआ दोषी पाई गई थीं। इसके बाद महुआ को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। महुआ को समन भेजे जाने के मामले पर ईडी से जुड़े अधिकारी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा को फेमा उल्लंघन मामले में 19 फरवरी को बुलाया है।

**लोकसभा चुनाव**

## यूपी में शुरू हुई 'मैं भी हिंदू' पॉलिटिक्स



**लखनऊ (एजेंसी)।** अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साथ उत्तर प्रदेश में राजनीति की बिसात 'मंदिर की पिच' पर बिछती दिख रही है। भाजपा पहले से ही इस पिच पर खेलने की धुरंधर है। वह योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में राम मंदिर से लेकर प्रदेश भर में हिंदुत्व की राजनीति का जमीन तक प्रसार करने में जुटी हुई है। गांव-गांव से लोगों को मंदिर के दर्शन के लिए लाया जा रहा है। दूसरी तरफ राम को लेकर जनमानस में आस्था का ऐसा असर है कि भाजपा ही नहीं दूसरी पार्टियों के नेता भी मंदिर दर्शन को पहुंच रहे हैं लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में अखिलेश यादव का रुख को लेकर है। एक तरफ वह मंदिर कार्यक्रम को 'भाजपाई' बताकर दूरी बनाए रहे। सपा सदस्यों ने विधानसभा में राम मंदिर प्रस्ताव का विरोध किया। स्वामी प्रसाद मौर्य तो प्राण प्रतिष्ठा पर ही सवाल उठाते रहे। समाजवादी पार्टी के लोगों ने शालीग्राम की पूजा की।

### अखिलेश यादव बनवा रहे मंदिर, कांग्रेस की सरयू में डुबकी

### राम मंदिर से शुरू हुई हिंदुत्व राजनीति, भाजपा का अभियान

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता पर हमले की मंच ने की निंदा

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** व्यवहार न्यायालय स्थित एडवोकेट एसोसिएशन में गुरुवार को आदर्श अधिवक्ता मंच की बैठक हुई। अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह ने अध्यक्षता की। अधिवक्ता पंकज कुमार की आंख जख्मी कर देने पर मंच ने क्षोभ व्यक्त किया और पुलिस की कार्रवाई की भर्त्सना की गई। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर अधिवक्ता महेंद्र शर्मा, अरुण कुमार शुक्ला, रवि नंदन सहाय, प्रेम कुमार आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष बने अजय

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सांसद प्रिंस राज ने भगवानपुर निवासी अजय कुमार सिंह को जिलाध्यक्ष बनाया है। इस बाबत उन्हें प्रदेश अध्यक्ष ने मनोनयन पत्र सौंपा है। उनके अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष है। अजय कुमार सिंह ने बताया कि वे पार्टी को पंचायत स्तर पर मजबूत करेंगे। पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

### पिता-पुत्र की हत्या में पूर्व प्रमुख पति नामजद व पांच अज्ञात पर केस

**देवरियाकोठी , एजेंसी।** पारू थाना क्षेत्र के मंगुरहिया चौक पर मंगलवार रात पिता-पुत्र की गोली मार हुई हत्या के दूसरे दिन गुरुवार को मृत व्यवसायी अनिल यादव के भाई पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज कराई। इसमें गांव निवासी पूर्व प्रखंड प्रमुख किरण देवी के पति संजय सहनी को नामजद और पांच अज्ञात को आरोपित किया है। पैक्स अध्यक्ष ने पुलिस को बताया है कि संजय ने मिठाई दुकान नहीं खोलने की धमकी दी थी। सुपारी देकर शूटर से हत्या करावाने का आरोप भी लगाया है। बताया है कि मंगलवार रात उसके भाई अनिल यादव और भतीजा विराट कुमार उद्घाटन के लिए मिठाई दुकान की सजावट कर रहे थे। चौक पर एक व्यक्ति पहले से मौजूद था। उसके इशारे पर बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पहले विराट को गोली मारी। उसके चिल्लाने पर बोलेरो में बैठे मेरे भाई निकले तो उनके ऊपर भी ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। बता दें कि पुलिस ने बुधवार रात में ही पूर्व प्रमुख समेत दो को उठाकर पूछताछ की थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस पूर्व प्रमुख के पति की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। एसएसपी राकेश कुमार ने घटना में कार्रवाई के लिए दो अलग-अलग एसआईटी का गठन किया है। थानाध्यक्ष मोनू कुमार ने बताया कि नामजद आरोपित संजय सहनी की गिरफ्तारी के लिए उसके लोकेशन पर लगातार छापेमारी की जा रही है। शीघ्र ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर, बदमाशों के गोली के शिकार पिता-पुत्र का गुरुवार को दाहसंस्कार कर दिया गया। पिता और बड़े भाई को मुखाग्नि अनुज कुमार ने दी। इस दौरान परिजनों की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।

### फुटबॉल में लक्ष्मीपुर को हराकर ललमटिया 1-0 से विजयी

**भागलपुर/ कहलगांव , एजेंसी।** धनौरा पंचायत के चांयटोला कैंथपुरा के खेल मैदान में 43 वां एसएफसी चैलेंज शील्ड फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार को लक्ष्मीपुर बेला और ललमटिया की टीमों के बीच खेला।जिसमें लक्ष्मीपुर को हराकर ललमटिया 1-0 से विजयी हुई , निर्धारित समय में दोनों में से कोई भी टीम गोल नहीं लगा पाई। उसके बाद अतिरिक्त समय दिया गया। अतिरिक्त समय के अंतिम मिनट में ललमटिया की टीम ने एक बेहतरीन गोल मारकर अपने टीम को एक शून्य से विजयी बढ़त दिलाते फाइनल मैच को जीता दिया। निर्णायक की भूमिका रामानंद कुमार मंडल, उदय कुमार ,रोहित कुमार ने निभाई कॉमेंटेटर पवन कुमार , गौतम कुमार एवं स्कोर भीम कुमार थे। विजेता और उपविजेता टीम को राजद के राष्ट्रीय परिषद सदस्य बासुकीनाथ यादव, मुखिया दिलीप कुमार मंडल, पंचायत समिति प्रतिनिधि राजेश मंडल, सरपंच भैरो मंडल ने शील्ड देकर सम्मानित किया।

### मैट्रिक परीक्षा दे रही परीक्षार्थी हुई बेहोश

**भागलपुर/ कहलगांव , एजेंसी।** बीपी वर्मा कॉलेज में गुरुवार को मैट्रिक के पहले दिन दूसरी पाली में हिंदी की परीक्षा के दौरान एक महिला परीक्षार्थी नूतन कुमारी अचानक बेहोश हो गई। केंद्राधीक्षक ने एंबुलेंस मंगाकर उसे अनुमंडल अस्पताल भेजा। उसकी परीक्षा छूट गयी। 4 बजे तक बेहोशी की हालात में थी। डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा था। बेहोशी का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया था।

# बिहार की लोकसभा सीटों का हाल : लालू-शरद यादव का चुनावी अखाड़ा रहा मधेपुरा, कभी नहीं खिला कमल




**मधेपुरा , एजेंसी।** मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र तीन राजनीतिक दिग्गजों की वजह से देश भर में चर्चित रहा है। यहां के सांसद बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल की अध्यक्षता में गठित रिपोर्ट ने देश की राजनीति-समाज पर न केवल गहरा असर डाला, बल्कि इससे हिन्दी पट्टी की राजनीति में पिछड़े नेताओं का उभार भी हुआ। 1979 में भारत के सामाजिक या शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान करने के लिए मंडल आयोग गठित किया गया था। 1980 में आयोग ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और केन्द्र की बी.पी. सिंह सरकार ने इसे 1990 में लागू किया। मंडल की राजनीति से उभरे दो दिग्गजों- शरद यादव और लालू प्रसाद के बीच चुनावी घमासान की वजह से भी मधेपुरा जाना जाता है। 1998 में दोनों नेताओं का पहली बार चुनाव में आमना-सामना हुआ था।

मधेपुरा संसदीय क्षेत्र वर्ष 1967 में अस्तित्व में आया। इसके पहले सहरसा संसदीय क्षेत्र के अंदर ही मधेपुरा भी शामिल था। 1967 में मधेपुरा के पहले सांसद के रूप में बीपी मंडल (संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी) निर्वाचित हुए। वह 1977 में भी दूसरी बार भारतीय लोकदल के टिकट पर जीते। इस सीट से कांग्रेस को सिर्फ तीन बार सफलता मिली। पहली बार राजेन्द्र प्रसाद यादव कांग्रेस के टिकट पर जीते। दूसरी बार 1980 में वह कांग्रेस (उर्स) के प्रत्याशी के रूप में जीत कर संसद पहुंचे थे।

तीसरी और अंतिम बार 1984 में कांग्रेस के महाबीर प्रसाद यादव सांसद रहे। मधेपुरा 1998 में तब चर्चा में आया, जब एक ही धारा की राजनीति करने वाले शरद यादव (जनता दल) और लालू प्रसाद (राजद) चुनाव मैदान में आमने-सामने हुए। जीत लालू प्रसाद की हुई। 1999 में शरद यादव ने लालू प्रसाद को हराया। वर्ष 2019 में जदयू प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव ने राजद प्रत्याशी शरद यादव को हराया।

मधेपुरा सीट से शरद यादव सबसे अधिक चार बार सांसद रहे। शरद को नागरिक उड्डयन मंत्री के साथ ही कई अन्य मंत्रालय संभालने का मौका मिला। उनके रहते कोसी की लाइफ लाइन कही जाने वाली एनएच 106 और एनएच 107 सड़कों का तोहफा मिला।

हालांकि, एनएच का निर्माण कार्य राजेश रंजन ऊर्फ पप्पू यादव के सांसद रहते हुए शुरू हुआ। लालू ने दी दो सौगात रेल मंत्री बनने के बाद लालू प्रसाद ने मधेपुरा को रेल स्लीपर फैक्ट्री और विद्युत रेल इंजन कारखाना के रूप में मधेपुरा को दो बड़ी सौगातें दीं। हालांकि स्लीपर फैक्ट्री बनने के बाद ही बंद हो गया। विद्युत रेल इंजन कारखाना नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अस्तित्व में आया। विद्युत रेल इंजन मालगाड़ियों को गति देने में योगदान दे रहे हैं।

### मधेपुरा में नहीं खिल सका है कमल

मधेपुरा संसदीय क्षेत्र में गठबंधन का गणित काफी मायने रखता है। मधेपुरा संसदीय क्षेत्र में भाजपा का संगठन बूथ और पन्ना प्रमुख तक है। इसके बावजूद भाजपा को यहां कमल खिलने का इंतजार है। जदयू के एनडीए में रहते हुए यह सीट जदयू के खाते में चली जाती है। वर्ष 2014 में भाजपा ने मधेपुरा लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी उतारा लेकिन सफलता नहीं मिली। दूसरी तरफ जदयू के महागठबंधन में रहने पर इस सीट पर राजद की दावेदारी बढ़ जाती है।

### ये परियोजनाएं हुईं पूरी

सदर अस्पताल को मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित करने का काम जारी

मधेपुरा स्टेशन के नए भवन का निर्माण कार्य जारी है प्लेटफार्म पर शेड, रैंप आदि का निर्माण होना है

शहर के भिरखी रेलवे ढाला पर आरओबी निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है, निर्माण कार्य शुरू होना है

चौसा के कलासन में औद्योगिक क्षेत्र के लिए जमीन चिह्नित कर ली गयी, औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत संरचना को विकसित करने की दिशा में काम शुरू नहीं हो सका।

मिठाई में आरओबी निर्माण का कार्य शुरू किया गया

इन योजनाओं के पूरी होने की उम्मीद

### मधेपुरा के पहले सांसद थे बी.पी. मंडल जो 1968 में सूबे के सीएम भी रहे

| | |
|---|---|
| 1967 | बीपी मंडल, संसोपा |
| 1971 | राजेंद्र प्रसाद यादव, कांग्रेस |
| 1977 | बीपी मंडल, भारतीय लोकदल |
| 1980 | राजेंद्र प्रसाद यादव, कांग्रेस (उर्स) |
| 1984 | महाबीर प्रसाद यादव, कांग्रेस |
| 1989 | रामेंद्र कुमार यादव रवि, जनता दल |
| 1991 | शरद यादव, जनता दल |
| 1996 | शरद यादव, जनता दल |
| 1998 | लालू प्रसाद, राजद |
| 1999 | शरद यादव, जदयू |
| 2004 | लालू प्रसाद, राजद |
| 2005 | राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, राजद |
| 2009 | शरद यादव, जदयू |
| 2014 | राजेश रंजन ऊर्फ पप्पू यादव, राजद |
| 2019 | दिनेश चंद्र यादव, जदयू |

### मधेपुरा लोकसभा सीट

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 2057837 |
| पुरूष वोटर | 1067842 |
| महिला वोटर | 989942 |
| थर्ड जेंडर | 53 |

एनएच 106 और एनएच 107 का निर्माण कार्य अधूरा

मधेपुरा शहर में सीवरेज योजना को स्वीकृति मिली लेकिन काम शुरू नहीं हो सका

सहरसा में आरओबी का निर्माण नहीं हो सका

मधेपुरा में सेंट्रल स्कूल के लिए जमीन नहीं मिल सकी

सहरसा-मधेपुरा-पूर्णिया रेलखंड पर लंबी दूरी की ट्रेनों की संख्या नहीं बढ़ाई गयी

इलेक्ट्रिक रेल इंजन कारखाना के आसपास अनुसांगिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित नहीं हो सकीं

# सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन में बड़ा हादसा, डीजे पर डांस कर रहे चार लोगों की मौत

**अररिया, एजेंसी।** बिहार के अररिया में सरस्वती पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन कर लौटने के दौरान सड़क दुर्घटना में चार की मौत हो गई। अररिया थाना क्षेत्र के दियारी पंचायत के मजगामा गांव में भीषण सड़क दुर्घटना हुई। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि एक ने इलाज के दौरान सदर अस्पताल में दम तोड़ा। इस हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें से कुछ का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है तो कुछ निजी अस्पतालों में भी भर्ती हैं। दो घायलों की स्थिति अब भी नाजूक बताई जा रही है। घटना गुरुवार देर शाम की है। मिली जानकारी के अनुसार दियारी पंचायत के मजगामा वार्ड संख्या तीन में स्थापित सरस्वती प्रतिमा का विसर्जन कर गांव के लोग ट्रैक्टर पर सवार होकर लौट थे। गाने बजाने की धुन में व्यस्त लोग मजगामा के पास सड़क पर लगे लोहे के गार्डर को देख नहीं पाए। ट्रैक्टर पर लोग खड़े थे और ट्रैक्टर स्पीड में था तो गार्डर (लोहे का एंगल) से टकराकर एक दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। इनमें दियारी वार्ड तीन निवासी पूर्व मुखिया पति अमित मण्डल(45), मनेश



कुमार(60) व मुन्ना मण्डल(30) की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि सदानंद मंडल (45) ने इलाज के दौरान सदर अस्पताल में दम तोड़ा। दुर्घटना में घायल आधा दर्जन लोगों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना के बाद सदर एसडीओ नवनील कुमार, एएसपी रामपुकार सिंह, नगर थाना अध्यक्ष मनीष रजक, सीओ गोपीनाथ मंडल अस्पताल में कैम्प कर रहे हैं। जबकि पुलिस की 112 की टीम व सदर अस्पताल से घटना स्थल पर पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### ट्रैक्टर पर 25 से अधिक लोग थे सवार

घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम दियारी पंचायत के वार्ड संख्या तीन से सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के लिए लोगों की भीड़ लेकर ट्रैक्टर निकली। डीजे की धुन पर लोग व्यस्त थे। ट्रैक्टर भी बहुत स्पीड में थी। इसी मार्ग मार्ग पर मजगामा में लगे लोहे के एंगल को कोई देख नहीं पाए। खड़े सभी लोग इस एंगल से टकरा गए, कुछ तो नीचे दूर जाकर गिरे तो कुछ ट्रैक्टर पर ही मूर्छित होकर गिर गए। तीन लोगों ने तो वहीं दम तोड़ दिया। जबकि कुछ की स्थिति बहुत नाजूक बनी है। घटना की सूचना पर पुलिस के 112 की टीम पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाई। 112 टीम के जवानों के हिम्मत की तारीफ की जानी चाहिए। स्थानीय लोगों ने भी खूब सहयोग किया। इधर अस्पताल में एक बार फिर व्यवस्था बदतर दिखी। सिविल सर्जन सहित स्वास्थ्य विभाग के कोई बड़े अधिकारी मौके डटे दिखे।

### क्या बोले पदाधिकारी

अबतक चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। घायलों का इलाज चल रहा है, हमलोग मॉनीटरिंग कर रहे हैं। सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतकों के परिजनों को हर सम्भव मदद दी जाएगी। - रामपुकार सिंह एएसपी,अररिया

# पहले दिन कई केन्द्रों पर लेट से पहुंचा प्रश्नपत्र

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन गुरुवार को परीक्षार्थी केन्द्रों पर सख्ती से पहुंचे, लेकिन प्रश्नपत्र जाम में अटक गया। पहले दिन बच्चों की ही नहीं, व्यवस्था की भी खूब परीक्षा हुई। किसी केन्द्र पर 9.10 तो कहीं 9.20 बजे तक प्रश्नपत्र पहुंचा। केन्द्रों पर सुबह आठ बजे से ही परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ने लगी थी।

पहली पाली में कई केन्द्रों पर निर्धारित समय पर प्रश्नपत्र नहीं पहुंच पाया। अधिकारियों ने कहा कि समय से प्रश्नपत्र के उठाव के बाद भी जाम के कारण प्रश्नपत्र पहुंचने में देर हुई। पहली पाली के लिए आठ बजे से पहले प्रश्नपत्र निकालने की मनाही है। जिला स्कूल में स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जहां से प्रश्नपत्र का उठाव किया जाना है। जिले में परीक्षा के 79 केन्द्र बनाए गए हैं। इन सभी केन्द्रों के लिए आठ से साढ़े आठ बजे के बीच प्रश्नपत्र का उठाव किया गया। इस बार ग्रामीण इलाकों में भी कई केन्द्र बनाए गए हैं। केन्द्र से स्ट्रांग रूम की दूरी को देखते हुए दूर वाले केन्द्र को पहले प्रश्नपत्र दिया गया। जिन केन्द्रों पर देर से प्रश्नपत्र पहुंचा, वे सभी शहरी क्षेत्र के ही केन्द्र हैं और इनमें अधिकांश एक ही तरफ के इलाके के हैं। सराय सैयद अली, प्रभात तारा स्कूल और एमबीबीएल केन्द्र पर प्रश्नपत्र पहुंचने में देरी हुई। एमबीबीएल केन्द्र पर 9.20 बजे और प्रभात तारा में 9.15 बजे प्रश्नपत्र पहुंचा। बोर्ड के निर्देशानुसार 9.10 से 9.20 के बीच प्रश्नपत्र का बड़ा पैकेट खोला जाना है, लेकिन उस समय तक प्रश्नपत्र पहुंचा ही नहीं था। ऐसे में केन्द्राधीक्षक से लेकर प्रश्नपत्र ले जाने वाले अधिकारियों की भी स्थिति हलकान वाली रही। हालांकि, परीक्षा शुरू होने के समय से पहले इन केन्द्रों पर प्रश्नपत्र पहुंच गया और सबने राहत की सांस ली।

दूसरी पाली में कई केंद्रों पर अभिभावकों को हटाने के लिए पुलिसकर्मियों को सख्ती करनी पड़ी। रेलिंग पर चढ़े अभिभावकों को लाठी भांज दौड़ाया गया। बोर्ड के आदेश के बाद भी कई केन्द्रों पर परीक्षार्थी जूता मोजा पहनकर आ गए थे। इन सभी को जूता मोजा उतरवाकर प्रवेश दिया गया। डीएम, डीईओ व अन्य अधिकारियों ने कई केन्द्रों का निरीक्षण किया। डीईओ ने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण रही।

### 200 से अधिक परीक्षार्थियों को नहीं मिला प्रवेश

पहले दिन 200 से अधिक परीक्षार्थी 9 बजे तक केन्द्रों पर नहीं पहुंच पाए। नतीजतन उनकी परीक्षा छूट गई। बीबी कॉलेजिएट, चैपमैन समेत कुछ अन्य केंद्रों पर 9.10 से 9.20 बजे तक परीक्षार्थी आते रहे। इन परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया। कई परीक्षार्थी साल बर्बाद होने के मलाल पर रो पड़े। हालांकि, इन्हें समझाया गया कि ऐसे परीक्षार्थियों की विशेष परीक्षा अप्रैल में ली जाएगी। पहले दिन दोनों पालियों में मिलाकर 1415 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इनमें 200 ऐसे थे जो देर से आने के कारण प्रवेश नहीं पा सके। पहली पाली में 731 तो दूसरी पाली में 684 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### परीक्षा शुरू, ऑनलाइन निगरानी फेल

कई केन्द्रों पर परीक्षा शुरू होने के बाद भी सीसीटीवी नहीं लगने की सूचना मिलती रही। कई केन्द्र ऐसे थे, जहां सीसीटीवी लगा भी तो काम नहीं कर रहा था। कुछ केन्द्र ऐसे थे, जहां विडियोग्राफर की खोज साढ़े आठ बजे तक होती रही जबकि आठ बजे से पहले इन्हें केन्द्र पर पहुंच जाना था। इसे लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी गई।

# सबौर : फुटबॉल कप पर लैलख का कब्जा

**भागलपुर/ सबौर , एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के फरका में बाबू स्व. सूर्य नारायण सिंह मैदान में आयोजित 41वां चैलेंज कप फुटबॉल का फाइनल मुकाबला गुरुवार को भागलपुर अकादमी व लैलख के बीच खेला गया। लैलख ने भागलपुर अकादमी को 1-0 से हराकर कप पर कब्जा जमाया। खचाखच भरे मैदान में दर्शको ने मैच का खूब आनंद लिया। लैलख ने शुरुआती खेल में ही एक गोलकर अंतिम क्षण तक बढ़त बनाए रखा। भागलपुर के खिलाड़ी विजय कुमार को मैन ऑफ द मैच और लैलख के खिलाड़ी टुडू हेंब्रम को मैन ऑफ द सीरीज दिया गया। मुख्य अतिथि भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल ने विजेता और उपविजेता टीम को को कप एवं नगद पुरस्कार दिया। उद्घाटन पूर्व सांसद बुल्लो मंडल ने किया। मौके पर सबौर बीडीओ प्रभात रंजन, फरका पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद मंडल, उप मुखिया कुंदन कुमार, पंसस अजय कुमार मंडल, मुखिया चंद्रशेखर प्रसाद, ममलखा पंचायत के मुखिया अभिषेक कुमार, महेश यादव, पप्पू, हजारी प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



# पटना में बेकाबू थार ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत



### गाड़ी में बैठे युवक के सीने के आर-पार हुआ लोहे का

**पटना , एजेंसी।** राजधानी पटना के पाटलिपुत्र इंडस्ट्रीयल एरिया के समीप गुरुवार की शाम अटल पथ के सर्विस लेन में तेज रफ्तार थार (जीप) ने एक साइकिल सवार को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसे के वक्त जीप की रफ्तार इतनी अधिक थी कि सड़क के किनारे लगा लोहे का ग्रिल गाड़ी के शीशे से होते हुए अगली सीट पर बैठे शख्स के सीने के आरपार हो गई। कटर की मदद से ग्रिल को काटकर युवक को गाड़ी से बाहर निकाला गया। उसे इलाज के लिए पुलिस पीमएसीएच ले गई। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

दीघा थाना इलाके के मखदुमपुर गेट संख्या 88 निवासी कामाख्या प्रसाद आचार्य (70) साइकिल से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान दीघा की तरफ से बेलगाम एक थार जीप सर्विस लेन में घुसी और साइकिल सवार को रौंद दिया, जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जीप की रफ्तार इतनी अधिक थी कि फुटपाथ पर लगे लोहे के ग्रिल को तोड़ते हुए कुछ दूर तक चली गई। इसी दौरान लोहे का एक एंगल शीशा को फोड़ते हुए आगे बैठे हर्ष नाम के युवक के सीने के आरपार हो गई। इसे देख चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

आसपास के लोग भी वहां पहुंच गए और तुरंत पुलिस को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएमसीएच भेज दिया। उसके बाद पुलिस कर्मियों ने कटर मंगाकर युवक के सीने में धंसा लोहे को काटकर उसे गाड़ी से बाहर निकाला। इस बीच वहां एम्बुलेंस भी पहुंच गई थी। गंभीर स्थिति में उसे इलाज के लिए पीएमसीएच ले जाया गया। घायल युवक दानापुर के गोला रोड निवासी अभय सिंह का भतीजा बताया जा रहा है।

### 100 से अधिक थी जीप की रफ्तार

घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि थार मेन रोड से अचानक सर्विसलेन में घुस गई। उसकी रफ्तार सौ किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक थी। दुर्घटना के बाद उसमें बैठे दो-तीन लोग निकल कर फरार हो गए। यातायात पुलिस ने थार को जब्त कर लिया है। डीएसपी कोतवाली कृष्ण कुमार प्रसाद ने बताया कि यह गाड़ी किसकी है इसकी जांच की जा रही है। हादसे के वक्त गाड़ी चला रहे शख्स की पहचान की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगल में बम फटने से महिला घायल इलाज के लिये बेतिया रेफर



**चाणक्य भूमि। बेतिया।** गौनाहा के मंगुरहा जंगल मे शौच करने के लिये गयी महिला बम फटने से घायल हो गयी जिसे गौनाहा स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक ईलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिये बेतिया भेज दिया गया। हालाँकि जंगल में बम कहा से आया यह जाँच का विषय है। घायल महिला की पहचान गौनाहा थाना क्षेत्र के कोहरगडी गांव निवासी नागेश्वर महतो की पत्नी मुनरी देवी के रूप में की गई है। महिला के चेहरे और दोनों हाथ मे ज़ख्म है।

### मझौलिया सीओ ने किया अंचल के कार्यो की समीक्षा



**चाणक्य भूमि।(कनकलता) बेतिया।** अंचल कार्यालय में सीओ राजीव रंजन ने अपने सभी अंचल कर्मी के साथ बैठक की। बैठक में भू- मापी, आनलाइन दाखिल खारिज, राजस्व वसूली, अवैध जमाबंदी, नीलाम, अभियान बसेरा, आपरेशन भूमि, दखल दहानी, भूमि अतिक्रमण आदि की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में लंबित पाये मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सी ओ ने कहा कि दाखिल खारिज , एल पी सी , परिमार्जन , सहित सरकार के निर्देश के आलोक में जमाबंदी अपडेशन को लेकर किया जा रहे कार्य को पूरी प्राथमिकता के साथ करें। इसमें अगर किसी के द्वारा लापरवाही की जाती है तो संबंधित कर्मी को चिन्हित कर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर अंचल निरीक्षक राधेश्याम यादव, राजस्व कर्मचारी रघुनाथ चौधरी,अंकित कुमार , आशीष झा , मंटु कुमार , साहेब कुमार , राहुल कुमार , आनंद मोहन , मनीष चौधरी , अमित कुमार सिंह , संगीता कुमारी , रिंकू कुमारी ,अभिषेक श्रीवास्तव,रवि कुमार,अभय कुमार श्रीवास्तव आदि की भागीदारी रही।

### मैनाटांड़ अंचल कार्यालय में भाकपा माले ने किया प्रदर्शन

**चाणक्य भूमि। मैनाटांड़** । अंचल कार्यालय में शुक्रवार को भाकपा माले और किसान मोर्चा द्वारा सयुक्त रूप से प्रदर्शन किया गया। मोदी सरकार की गारंटियों का झूठ-फरेब व मजदूरों-किसानों के हितों पर 10 वर्षों के कुठाराघात के खिलाफ देशव्यापी मजदूर हड़ताल व ग्रामीण भारत बंद को लेकर भाकपा माले संयुक्त किसान मोर्चा, ऐक्टू के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर अपनी माँगों को रखा। भाकपा माले के अंचल सचिव अच्छे लाल राम, किसान महासभा जिला सचिव इन्द्र देव कुशवाहा ने कहा कि यह ग्रामीण भारत बंद बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, साम्प्रदायिकता और बढ़ते पूंजीपतियों के मुनाफे, निजीकरण, अपराध तथा घटते वेतन, सामाजिक सुरक्षा, घटती स्वास्थ्य सुविधा, फसलों के दाम यानि न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी 4 लेबर कोड रद्द करने की मांग को जोरदार ढंग से रखा। खेग्रामस जिला अध्यक्ष मजदूर नेता सीताराम राम ने ग्रामीण भारत बंद में उतरे जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सभी मजदूरों को 26,000 रु. न्यूनतम वेतन, 10,000 रु. पेंशन, कार्यस्थल पर सुरक्षा, इत्यादि बाते कहीं।

### 31 मार्च तक सरकारी विद्यालयों की छुट्टी रद्द

**चाणक्य भूमि। बेतिया।** जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विभाग के आदेश के अनुरूप दिशा निर्देश जारी कर दिया है। नये दिशा निर्देशों के अनुसार 31 मार्च तक सभी कर्मियों की छुट्टी निरस्त कर दी गयी है। अपवाद स्वरूप सिर्फ 26 फरवरी को शब-ए-बरात, 26, 27 मार्च को होली के अतिरिक्त आगामी 29 मार्च 2024 को निर्धारित गुड फ्राई डे ko अवकाश रहेगा। निर्देश के मुताबिक अतिरिक्त किसी भी विशेष स्थिति की छुट्टी की स्वीकृति सिर्फ जिला शिक्षा अधिकारी ही स्वीकृत करेंगे।

### गणित विषय की परीक्षा सुरक्षा के बीच संपन्न

**चाणक्य भूमि। कटिहार।** बारसोई दूसरे दिन मैट्रिक की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच हुई संपन्न बता दे बारसोई नगर पंचायत में मैट्रिक की परीक्षा को लेकर 8 केंद्र बनाए गए हैं।जिसमें बारसोई उच्च विद्यालय को आदर्श केंद्र है। अनुमंडल पदाधिकारी दीक्षित श्वेतम ने उड़न दस्ता के रूप में डीएसएलआर प्रियंका कुमारी को तैनात किया है।जो अपने दायित्व निभाते हुए सभी केंद्रों का निरीक्षण कर केन्द्राधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

### केंद्र सरकार के विरोध में माले कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

**चाणक्य भूमि। कटिहार।** बारसोई दोपहर के समय केंद्र सरकार के विरोध में भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने विरोध रैली निकाल प्रदर्शन किया।

### नम आंखों से दी गयी मां शारदे को विदाई

**चाणक्य भूमि।(मनिहारी)कटिहार।** अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक व निजी शिक्षण संस्थानों में वैदिक रीति से विद्या की देवी मां शारदे की अराधना धूमधाम से की गयी। अलग अलग पूजा पंडालों में देवी की प्रतिमा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा की गयी। पूजा उपरांत देवी की प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला सुबह से शाम तक चलता रहा। देवी की आरती स्तुति करते हुए भक्त श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां शारदे को विदाई दी।मूर्ति का विसर्जन निर्धारित कृत्रिम सरोवरों मे किया।

### फायरिंग की सूचना पर खोदावन्दपुर थाना पहुंचे मंझौल एसडीपीओ

**चाणक्य भूमि। खोदावन्दपुर।** हर्ष फायरिंग की सूचना पर खोदावन्दपुर थाना पहुंचे मंझौल एसडीपीओ श्याम किशोर रंजन, पुलिस निरीक्षक नयन कुमार वर्मा, चेरिया बरियारपुर थानाध्यक्ष विवेक भारती, खोदावन्दपुर थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार हिरासत में लिये युवक से गहन पूछताछ कर रहे हैं.

### प्रखंड के प्रमुख का चुनाव 28 को

**चाणक्य भूमि। बेतिया।** आगामी 28 फरवरी को प्रखंड प्रमुख का चुनाव होगा। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से प्रखंड प्रमुख के पद पर चुनाव की तिथि निर्धारित कर दी गई है। इधर चुनाव की तिथि निर्धारित होते ही राजनीति सरगर्मी और तेज हो गई है। विदित हो कि कुल 22 पंचायत समिति सदस्यों में 13 सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख के खिलाफ 8 जनवरी को बीडीओ पंकज कुमार को अविश्वास प्रस्ताव पत्र दिया था। जिसमें विगत 3 फरवरी को प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 12 सदस्यों ने मतदान किया था।

## कटिहार जिले के रोशना ओपी क्षेत्र अंतर्गत मिनी गण फैक्ट्री का पुलिस ने किया उद्भेदन

**चाणक्य भूमि। कटिहार**



गिरफ्तार प्राथमिकी अभियुक्त का नाम–
01. गणेश चौधरी, उम्र 21 वर्ष पिता- शंकर चौधरी, सा0–रोशना, थाना-प्राणपुर रोशना, जिला-कटिहार।
तलाशी–सह–जप्ती सूची :- गिरफ्तार प्रा0अमि0 गणेश चौधरी के बतायेनुसार उसके मकान से जप्त समान–

| | |
|---|---|
| 01 01 लोहे का ड्रील मशीन | 14 06 पीस कट्टा के बॉडी का अर्धनिर्मित टुकड़ा |
| 02 07 पीस बैरल (भिन्न-भिन्न अंगुल का) | 15 01 पीस स्प्रिंग |
| 03 01 वाइस मशीन | 16 02 पीस कट्टा के बॉडी में लगने वाला स्प्रिंग |
| 04 सिलण्डर एक पीस | 17 01 पीस गोली भरने वाला कार्मा |
| 05 01 लोहे का पिलास | 18 01 लोहे का बड़ा स्प्रिंग |
| 06 01 पीस स्क्रू ड्राइवर | 19 07 पीस बुलेट क्रम |
| 07 रिंच एक पीस | 20 कट्टा का अर्धनिर्मित मैगजीन |
| 08 02 लोहे का हथौड़ा | 21 1½ फीट का बैरल नुमा 01 पाइप |
| 09 01 पीस रेती | 22 1½ फीट का लोहे का रड 02 पीस |
| 10 01 ट्रोली चक्का लगा हुआ | 23 एक लंबा ड्रिल बीट एवं का पाँच छोटा गुणा बीट |
| 11 03 पीस टी रिंच | 24 एक देशी कट्टा |
| 12 01 वेल्डिंग मशीन | |
| 13 02 ग्रेण्डर मशीन (एक हरा रंग का एवं एक काला रंग का) | |



दिनांक-15.02.24 को पुलिस अधीक्षक, कटिहार को गुप्त सूचना मिली रोशना ओपी अन्तर्गत झान्दा उच्च विधालय के बाहर एक बुलेट मोटरसाईकिल पर सवार तीन अपराधर्मियों द्वारा विद्यालय के बाहर हथियार लहरा रहे हैं।तथा दहशत फैलाने की नीयत से हवा में फायरिंग भी कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक, कटिहार द्वारा उक्त सूचना के सत्यापन एवं संलिप्त अपराधकर्मी को गिरफ्तार तथा अपराधियों द्वारा लहरा रहे हथियार की बरादमगी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कटिहार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के आलोक में गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए झान्दा उच्च विद्यालय रोशना के पास पहुँचे तो देखे गेट के बाहर से एक बुलेट सवार तीन अपराधकर्मी भाग रहे हैं। जिसपर उपस्थित लोगों द्वारा इशारा कर बताया गया अपराधी बुलेट पर सवार होकर भाग रहे हैं। टीम द्वारा बुलेट सवार भाग रहे अपराधियों का पिछा किया गया तो कुछ ही दूरी पर बुलेट सवार तीनों अपराधी गिर गये तथा मोटरसाईकिल से गिरने के बाद मोटरसाईकिल सवार बैठे दो अपराधी गली का फायदा उठा कर भागने में सफल रहा परन्तु टीम द्वारा बुलेट चालक को खदेड़ कर पकड़ लिया गया। पकड़ायें व्यक्ति के बदन की तलाशी लिया गया तो उसके फूल पैन्ट के कमर से एक देशी लोडेड कट्टा बरामद किया गया तथा पकड़ाये बुलेट चालक से नाम पता पूछने पर उसके द्वारा अपना नाम क्रमशः 01. गणेश चौधरी, उम्र 21 वर्ष पिता शंकर चौधरी, सा०-रोशना, थाना-प्राणपुर रोशना जिला-कटिहार बताया गया। उसके बाद उसके साथ बुलेट पर बैठे दो अपराधी जो भागने में सफल रहे, उसका नाम पूछने पर कमश 02. मुकेश कुमार सिंह उम्र 19 वर्ष 03 हप्पा उम्र 19 वर्ष पिता-नामालूम, दोनों सा० रोशना, थाना-रोशना, जिला कटिहार बताया गया। साथ ही गिरफ्तार अपराधी गणेश चौधरी, उम्र 21 वर्ष पिता शंकर चौधरी, सां० रोशना, थाना-प्राणपुर रोशना, जिला-कटिहार से बरामद हथियार के संबंध में पूछ-ताछ किया गया कि हथियार किससे खरीदा है या कहीं से लाया है। तो उसके द्वारा बताया गया कि हथियार मेरे घर में ही बनाता है।जिसके बाद टीम द्वारा गिरफ्तार अपराधी के बतायेनुसार उसके घर की तलाशी ली गयी तो उसके घर के उपर बने एलवेस्टरयुक्त कमरा में हथियार बनाने का भाड़ी मात्रा में उपकरण बरामद किया गया। बदामद हथियार एवं उसके घर से हथियार बनाने के उपकरण के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जिस संदर्भ में प्राणपुर (रोशना) ओ०पी० कांड सं0-24/24 दि0-15.02.24 धारा-25(1-A)/ 25(1-AA) 25 (1-बी) ए/25/27/35 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत दर्ज किया गया। गिरफ्तार प्राथमिकी अभियुक्त का नाम- 01. गणेश चौधरी, उम्र 21 वर्ष पिता शंकर चौधरी, सा०-रोशना, बाना-प्राणपुर रोशना, जिला-कटिहार। तलाशी-सह-जप्ती सूची गिरफ्तार प्रा०अमि० गणेश चौधरी के बतायेनुसार उसके मकान से कई प्रकार की सामग्री भी जप्त की गई।

## रेल यात्री की जान बचाने पर आरक्षी को किया गया सम्मानित



**चाणक्य भूमि। बरौनी बेगुसराय**

आरपीएसएफ11वीं बटालियन मुख्यालय गढ़हरा बरौनी के आरक्षी कमलकांत दास के पुत्र शशिकांत कुमार को महामहीम राष्ट्रपति भारत सरकार के द्वारा जीवन रक्षा पदक से पुरस्कृत किया गया है।गढ़हरा मुख्यालय के सहायक समादेष्टा केके मिश्रा,विपिन कुमार, हरिकांत प्रसाद सिंह आदि ने शुभकामना व्यक्त किया है।बताया कि बीते 08.06.2023 को गाडी संख्या-22948 में प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन पर शशिकांत ने अपनी जान की बाजी लगाते हुए एक महिला की जान बचा लिया।उन्होंने बताया कि चलती गाडी से उतरने की कोशिश में महिला प्लेटफार्म और गाडी के गैप के बीच में गिरने वाली थी,लेकिन तभी प्लेटफार्म डयूटी में तैनात जवान शशिकांत कुमार ने अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए तुरन्त अपनी सूझबूझ से उस महिला को सावधानी पूर्वक बचा कर सकुशल बाहर निकाल लिया।भारत सरकार के गृह सचिव, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली अजय भल्ला ने 31 जनवरी 2024 को कमांडिंग अफसर गढ़हरा व जवान शशिकांत को पत्र भेजा।उन्होंने शशिकांत कुमार के बारे में लिखा कि खुशी हो रही है कि जीवन बचाने के कार्य में आपके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस के सम्मान में भारत के माननीय राष्ट्रपति आपको जीवन रक्षा पदक प्रदान करते हुए प्रसन्न हैं।

## लाभा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की मांग





**चाणक्य भूमि। कटिहार**

कटिहार - मालदा रेलखण्ड के लाभा रेलवे स्टेशन में अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव नही रहने से यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है । उक्त ट्रेन का ठहराव नही होने के कारण ट्रेन को पकड़ने के लिए यात्रियों को लाभा से 25 की दूरी तय कर कटिहार जाना पड़ता है । स्थानीय यात्रियों ने बताया कि कटिहार - मालदा रेलखण्ड के बीच अवस्थित लाभा रेलवे स्टेशन का सालाना आय करोड़ों में होने के बावजूद मुख्य एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नही है ,जिससे लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ती है । स्थानीय यात्री राधेश्याम क्रांति, सीताराम साह ,रघुनाथ गुप्ता ,मो जहांगीर ,मो मुसलम ,मो मजरुद्दीन ,हीरा लाल भगत सहित कई लोगो ने बताया कि उक्त ट्रेन का ठहराव होने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी । स्थानीय यात्रियों ने कटिहार डीआरएम से उक्त ट्रेन की ठहराव की मांग की है।

## प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था के बीच,माँ शारदे की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन





**चाणक्य भूमि।कटिहार**

सालमारी ओपी क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर धूम-धाम से पूजा अर्चना की गई।सालमारी ओपी क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर किया गया था।जहां निर्धारित समय पर शुक्रवार को भक्ति संगीत के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया। विसर्जन से पूर्व प्रतिमा की परिक्रमा विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए गुजारी गई।दौरान सालमारी ओपीध्यक्ष राजेश कुमार द्वारा पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।स्थानीय पुलिस से मिले अपेक्षित सहयोग पर स्थानीय लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। सालमारी मुख्य बाजार में सोमवारी हाट स्थित सरस्वती पूजा कमिटी द्वारा प्रतिमा स्थापित कर पूजन कार्य किया गया जहां रात्रि में भक्ति संगीत का आयोजन किया गया था।भक्ति संगीत कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि संजय गुप्ता ने फीता काट किया।इस दौरान कई गणमान्य लोग मंचासीन रहे।उक्त आशय की जानकारी कमिटी के प्रीतम कुमार साह ने दी है।

## गाजेबाजे के साथ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**चाणक्य भूमि। खोदावंदपुर/बेगूसराय**





खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के अलावे पूजा समितियों द्वारा आयोजित सरस्वती पूजनोत्सव के बाद शुक्रवार की शाम विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की प्रतिमा क्षेत्र के पवित्र तालाबों एवं बूढ़ीगंडक नदी के विभिन्न घाटों पर पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ विसर्जन किया गया. क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम राजकुमार गुप्ता, एसडीपीओ श्याम किशोर रंजन, बीडीओ नवनीत नमन, अंचल अधिकारी अमरनाथ चौधरी, थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, वनरक्षी पूजा कुमारी समेत अन्य अधिकारियों ने दलबल के साथ लगातार क्षेत्र में गश्ती करते दिखे. मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सागी, दौलतपुर, बाड़ा, बरियारपुर पश्चिमी, बरियारपुर पूर्वी, फफौत, खोदावन्दपुर एवं मेघौल पंचायतों के विभिन्न टोले मुहल्ले व संस्थानों में स्थापित मां शारदे की पूजा के बाद प्रतिमा का विसर्जन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विभिन्न घाटों पर कर दिया गया. पूजा के दौरान कहीं भजन, कीर्तन, नाटक सहित कई प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया था. पिछले दो दिनों से संपूर्ण क्षेत्र भक्ति-भाव में सरावोर होता रहा।

## नम ऑखों से दी गई वीणापाणी को विदाई



**चाणक्य भूमि। कटिहार**

डंडखोरा -- विद्या की देवी मॉ सरस्वती के प्रतिमा विसर्जन के साथ प्रखंड क्षेत्र में तीन दिनों से चल रहे सरस्वती पूजनोत्सव का समापन हो गया।प्रशासन के निर्देश पर सभी पूजा पंडालों में स्थापित प्रतिमा को जल में प्रवाह कर दिया गया।वहीं महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर पहनाकर,अबीर -गुलाल लगाने के साथ ही किशोरों ने डीजे की धुन पर नाचते गाते तथा नम ऑखों से माता को विदाई दी।वही कहा जाता है कि आज से ही लोग अबीर लगाकर होली की शुरूवात करते है। वहीं प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अहमर अब्दाली,थानाध्यक्ष मुकेश कुमार अपर थानाध्यक्ष अखिलेश साह,एएसआई शशि कुमार पुलिस बलो के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील रहे।

## मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के दौरान उपद्रवी तत्वों द्वारा हर्ष फायरिंग में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी, घटना मेघौल पंचायत के बिदुलिया गांव की











**चाणक्य भूमि। खोदावंदपुर/बेगूसराय**

शुक्रवार की शाम मेघौल पंचायत के बिदुलिया गांव स्थित बुढ़ीगंडक नदी के तटबंध पर मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के दौरान उपद्रवी तत्वों द्वारा हर्ष फायरिंग किए जाने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जख्मी युवक की पहचान मेघौल पंचायत के बिदुलिया गांव स्थित वार्ड दो निवासी मणिभूषण महतो के 18 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार के रूप में की गयी. सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान अचानक गोली चलने की आवाज से अफरातफरी मच गयी. मौके पर उपस्थित लोग इधर उधर भागने लगे. वहीं कुछ स्थानीय लोगों ने जख्मी धीरज को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोदावन्दपुर में भर्ती करवाया, जहां डयूटी पर तैनात चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनीष कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रुप से जख्मी किशोर को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया. वहीं घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की गहन जांच पड़ताल करने में जुट गये. स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में भी ले लिया है.

# मोदी को बिहार के लोगों ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर दिया

**नरेंद्र मोदी को बिहार के लोगों ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर दिया वोट, उनकी जाति का बिहार में 1 भी आदमी नहीं रहता फिर भी चुनाव जीत रहे हैं: प्रशांत किशोर**



चाणक्य भूमि।

प्रशांत किशोर ने बिहार के लोगों को उनके मताधिकार के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि बिहार के लोगों को ये दिख रहा है कि अभी उनके सामने जो नेता खड़े हैं, दोनों ही चोर हैं। ऐसे में पब्लिक ये सोच रही है कि चलिए दोनों ही जब चोर हैं, तो अपनी जाति वाले को ही वोट दे देते हैं। लेकिन अगर जनता को कोई ईमानदार दिखेगा तो जनता बेवकूफ नहीं है उसको जरूर वोट देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिहार के लोगों ने खूब वोट दिया है न, उनकी जाति के कितने लोग बिहार में रहते हैं, एक भी नहीं रहते हैं। लेकिन लोगों ने ऐसा समझा कि मोदी को वोट देंगे तो हमारा विकास होगा। इसीलिए बिहार की जनता ने जाति और धर्म की सोच से ऊपर उठकर नरेंद्र मोदी को वोट दिया। अब नरेंद्र मोदी ने काम नहीं किया, वो अलग बात है लेकिन लोगों ने जाति से ऊपर उठकर नरेंद्र मोदी को वोट तो दिया ही है। यहां जितने लोग बैठे हैं, मान लीजिए कि इनकी संख्या अगर सौ है तो इसमें से 40 से 50 आदमी ने तो नरेंद्र मोदी और भाजपा को वोट दिया ही होगा। वो 40 से 50 आदमी नरेंद्र मोदी की जाति के तो नहीं हैं। सिर्फ जाति की बात नहीं है जब जनता को सारे नेता चोर दिखते हैं, एक तरह के दिखते हैं तो आखिर में जनता कहती है कि दोनों तो एक ही तरह के हैं तो चलिए अपनी जाति वाले को ही वोट देते हैं। अगर एक आदमी अच्छा दिखेगा तो बिहार की जनता में वो समझ और ताकत है कि आगे बढ़ेंगे और सही व्यक्ति का चुनाव करेंगे। मैंने पंद्रह महीने से छोड़ा है अपना घर, बिहार के नौजवान तो 15 सालों से अपना घर छोड़कर रह रहे बाहरः प्रशांत किशोर प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि हम अभी पंद्रह महीने से पैदल चल रहे हैं तो लोग कह रहे हैं कि भइया अपना घर-परिवार को छोड़कर ये पैदल चल रहे हैं। लेकिन बिहार के जितने भी लोग हैं इनके परिवार के नौजवान तो 10 से 15 सालों से अपना घर छोड़कर बाहर ही रह रहे हैं। कभी छठ में या किसी शादी-विवाह में दस से पंद्रह दिनों के लिए वो व्यक्ति घर आया। हमने तो पंद्रह महीने से अपना घर छोड़ा है तो लोग हमें समझ रहे हैं कि हम बहुत महान आदमी हैं, साधु-महात्मा हैं। आपका बच्चा तो पंद्रह सालों से बाहर रह रहा है। एक बार यहां बच्चा बीस साल का हो गया, तो वो झोला लेकर चला गया मजदूरी करने के लिए। जब तक उसके शरीर में ताकत है उसको बाहर ही रहना है और मजदूरी ही करना है।

# मांगो के समर्थन में भाकपा का प्रदर्शन




» माधोपुर में प्रदर्शन करते भाकपा समर्थक

चाणक्य भूमि। (कनकलता) बेतिया।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल कमिटी मझौलिया के बैनर तले माधोपुर में लाल झंडा के साथ ग्रामीण भारत बंद के समर्थन में 09 सूत्री मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया गया।एनएच 727 में माधोपुर में सड़क किनारे किये गए प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा अंचल कमिटी के सचिव डॉ.कृष्णनंदन सिंह ने किया।उन्होंने एमएसी के कानूनी दर्जा देने,किसानों का कर्जा माफ करने,किसानों पर दर्ज मुकदमा वापस लेने,स्किम वर्कर को 26 हजार करने कीमांग की। प्रदर्शन कोकामरेड रफीक मियां,अनिल चौधरी,मंगल रायसुनील चौधरी,कैलाश चौधरीअमेरिका पप्रसाद,जयनारायण प्रसाद आदि ने संबोधित किया।प्रदर्शन को लेकर कार्यकर्ताओ में उत्साह देखा गया।

# सीएचसी में प्रभारी ने डीईसी अभियान की सफलता के लिये जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक



चाणक्य भूमि।(कनकलता)बेतिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझोलिया में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर ओमप्रकाश ने उपस्थित समिति सदस्यों को सरकार प्रायोजित स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने फाइलेरिया की दवा और क्रीमी नाशक गोलियों के बारे में फैलाई जा रही अफवाहों से बचने की सलाह दी। उन्होंने टीकाकरण बंध्याकरण बाल जननी कार्यक्रम, मातृत्व सुरक्षा कार्यक्रम टीबी उन्मूलन कार्यक्रम स्वच्छता अभियान आदि के ऊपर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से स्वच्छ रहे स्वस्थ रहे की अपील की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से हम दो हमारे दो कार्यक्रम पर अमल करने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मंटू कुशवाहा,पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र साह,उप प्रमुख नरेश कुमार यादव हेमंत कुमार पांडे , दिलीप सहनी , एकबाल सिंह , मनोज राय , राजेश्वर यादव , संजय यादव , अभय सिंह , आलोक माझी , विकास कुमार शर्मा ,ओसियर यादव , प्रमोद राम डॉक्टर मोहम्मद लुकमान , डॉक्टर राकेश कुमार , डॉक्टर ओपी सिंह , डॉक्टर चंदेश्वर ठाकुर , डॉक्टर मेराजुल हक , राहुल झा , प्रशांत कुमार , सुशांत कुमार आदि शामिल रहे।

# अपहृत का शव मिला एक महीने से था लापता



चाणक्य भूमि। बेतिया।

गुरुवार देर शाम नरकटियागंज पंडई नदी में से प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक लाश बरामद हुई। जिसकी पहचान अपहृत सन्नी सिंह के रूप मे हुई है जो विगत 16 जनवरी से लापता था। लाश को बोरी में बंद कर फेका गया था। अपहरण के बाद से ही पुलिस लापता के खोज मे जुटी थी परन्तु उन्हें अब तक कोई सुराग नहीं मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। मृतक का अपहरण 16 जनवरी को नरकटियागंज से हुआ था। परन्तु सन्नी के परिजनों ने शिकारपुर थाना में 19 जनवरी को एफआईआर दर्ज कराई गयी थी। सन्नी के पिता मनोज कुमार सिंह के अनुसार उनका बेटा लोकेश कुमार सिंह उर्फ सन्नी सिंह 16 जनवरी को सत्याग्रह ट्रेन से नरकटियागंज अपने भांजा के मुंडन में शामिल होने के लिए आया। जहाँ वह पांडेय टोला में रह रहे अपने दोस्त सुधीर पांडेय के घर गया था जहाँ पर उसकी मुलाकात जयमंगलापुर के रवि तिवारी, तरहरवा के सरताज आलम, पुरानी बाजार के छोटू कुमार, गोबरौरा के दंश कुमार से हुई। इस बात की जानकारी उसने उसी दिन शाम चार बजे फोन पर दी और उसने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ है और गोपाला ब्रह्मा स्थान में होने वाले अपने भांजे के मुंडन में शामिल होने जा रहा है। उसके बाद जब वह घर नहीं लौटा तब उनलोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की परन्तु उसका मोबाइल बंद मिला। पूछताछ करने पर दोस्तों से संतोष जनक जवाब नहीं मिला तो सनी के पिता ने दोस्तों पर ही अपहरण की आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। चार फरवरी को ही उसका मोबाइल भी मिला था परन्तु पुलिस कोई ठोस सुराग नहीं खोज पाई।

# विसर्जन के बाद वापस लौट रही नर्तकी बाइक दुर्घटना में घायल

**मझौलिया आइसक्रीम फैक्ट्री के निकट हुआ हादसा**



घायल नर्तकी

चाणक्य भूमि।(कनकलता)बेतिया।

सरस्वती प्रतिमा के विसर्जन के बाद वापस लौट रही नर्तकी आइसक्रीम फैक्ट्री मझौलिया के निकट असंतुलन बिगड़ने से बाइक से नीचे गिर गयी ,नतीजतन नर्तकी का पैर टूट गया।सूचना पर सीएचसी के एम्बुलेंस से सीएचसी मझौलिया पहुंचाया गया।नर्तकी की पहचान महोदीपुर चौक स्थित राजू पासवान के आर्केस्ट्रा काम करनेवाली नर्तकी के रूप में हुई है।आर्केष्ट्रा में कार्यरत एक लड़का के साथ लौट रही थी नर्तकी। आइसक्रीम फैक्टरी के पास बाइक से असन्तुलित होकर गिर पड़ी नर्तकी।नतीजतन उसका पैर टूट गया।घटना के बाद बाइक चालक नर्तकी को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया।

# सीडीपीओ ऑफिस मझौलिया में आंगनबाड़ी सेविकाओं का धरना प्रदर्शन

**» पीएम को भेजा मांगपत्र**




प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी सेविका तथा सहायिका

चाणक्य भूमि।(कनकलता)बेतिया।

शुक्रवार को बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले सेविका और सहायिकाओं ने सीडीपीओ कार्यालय मझौलिया में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया तथा प्रधानमंत्री के नाम मांगो के समर्थन एक खुला पत्र जारी किया।धरना प्रदर्शन का नेतृत्व परियोजना की अध्यक्ष रीना कुमारी ने किया।उन्होने आंगनवाड़ी सेविका और सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की।जबतक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नही हो जाता हैतबतक सेविकाओं को 25 हजार तथा सहायिकाओं को 18 हजार रूपये मानदेय दिया जाये।उन्होंने कार्य विस्तार को देखते हुए कार्य अवधि 08 घण्टे निर्धारित करने की बात कही।परियोजना सचिव सावित्री कुमारी ने ग्रेचुइटी,स्वस्थ्य बीमा, ईपीएफ का लाभ देश स्तर पर एक समान करने की मांग की।सबो ने केंद्र सरकार के विरुद्ध नारे लगाये तथा आगामी लोक सभा चुनाव में सबक सिखाने की बात कही।धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से मिंता कुमारी,पूनम रानी,शोभा सिंह,तब्बसुम प्रवीण,संगीता देवी लालसा देवी ,राधा देवी ,सोनमती देवी,सरिता देवी,सुजाता कुमारी आदि मुख्य रूप से शामिल रही।मांग पत्र की प्रति सीडीपीओ पूनम कुमारी को सौंपा गया।

# किसान मजदूरों के साथ क्रूर कार्रवाई के खिलाफ मोदी-नीतीश का किया गया पुतला दहन

**किसानों के अनाज का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित कर कानूनी दायरे में लायी जाय - किरण देव यादव**




चाणक्य भूमि।

देश बचाओ अभियान एवं राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले संयुक्त किसान मोर्चा एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन के देशव्यापी आह्वान पर किसान मजदूर जन विरोधी केंद्र की मोदी सरकार तथा पलटासन की सरकार द्वारा राष्ट्र निर्माता शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, आशा ममता फेसीलेटर, रसोईया, किसान मजदूरों पर लाठी चार्ज करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन समाहरणालय खगड़िया के समक्ष किया गया, जिसका नेतृत्व एवं सभा की अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। आंदोलन में देश बचाओ अभियान के संयोजक मधुबाला, सचिव धर्मेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष डॉ कमल किशोर यादव अधिवक्ता, महासचिव उमेश ठाकुर, संयुक्त सचिव लालमणि सदा, तूफानी यादव, जन संघर्ष अभियान के संयोजक सुभाष जोशी आदि ने भाग लिया। श्री यादव ने अनाज का न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दायरे में लाने स्वामीनाथन आयोग के सिफारिश को लागू करने शाहिद किस के आश्रितों को मुआवजा देने, लखीमपुर में किसानों के हत्यारे बाप बेटे को फांसी देने, बर्खास्त करने, किसानों के सभी प्रकार के लोन को माफ करने, लोन देने, तीन लेबर कोड बिल कानून एवं बिजली बिल संशोधन कानून को रद्द करने की मांग किया। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जहां एक और केंद्र कि मोदी सरकार के द्वारा किसानों के साथ क्रूर दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है वहीं बिहार में पलटासन की सरकार नीतीश कुमार द्वारा शिक्षकों पर लाठी चार्ज कर दमनात्मक एवं क्रूर मजाक कर रही है। जहां एक ओर राम आएंगे अंगना सजाएंगे, पत्थर की राम हेतु सड़क एवं मंदिर को सजाई जाती है वहीं दूसरी ओर अन्नदाता किसान जो सच्चे अर्थों में भगवान हैं उनके लिए कांटी कील बिछाई जा रही है। सड़क पर दीवाल बनाकर रास्ता अवरूद्ध की जा रही है। समाजसेवी किसान नेताओं ने किसान मजदूर जनविरोधी मोदी नीतीश सरकार को 2024-25 में उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714